RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

UTURN TIME

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

इतनी वड्डी मैं नहीं, ना हूं गोल-मटोल।
कर सकती हूं आज भी, हीरोइन के रोल।
हीरोइन के रोल, लोग भी आते देने।
याद कीजिए नाम, माधुरी दीक्षित नेने।
कह साहिल कविराय, उड़ रही अपनी गड्डी।
बायोपिक बन सके, नहीं मैं इतनी वड्डी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 8 | ISSUE 345 | FRIDAY DATE 15-12-2023 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

28th Edition **Yarnex** India International Yarn Exhibition — ★Fibers ★Yarns ★Services

16th Edition **TexIndia** Textile Sourcing Fair — ★Fabrics ★Accessories ★Jobwork

3rd Edition **DyChem** Texprocess Show — ★Dyes ★Chemicals ★Auxiliaries

## 15, 16, 17 (Fri, Sat, Sun) December 2023, Dana Mandi, Bahadur Ke Road, Ludhiana, India

## YARNEX, TEXINDIA and DyChem Texprocess Show will witness participation by 148 Leading Supply Chain Partners from various parts of India

### The Triple Shows will be inaugurated by Shri. Balbir Kumar, Chairman, Octave Apparels, Ludhiana, along with Industry Stalwarts on 15th December 2023 at 11.30 A.M.



Shri. Balbir Kumar

Having emerged as India's leading event over two decades **YARNEX, TEXINDIA** and **DyChem** is set to unfold in **LUDHIANA**, thereby serving the sourcing requirements of the textile value chain in the knitwear hub of north India.

The **28th Edition** of **YARNEX, 16th Edition** of **TEXINDIA** and **3rd Edition** of **DyChem** will be held on **15, 16, 17 December 2023** (Fri, Sat, Sun) in Dana Mandi, Bahadur Ke Road, Jalandar Bye-pass, Ludhiana, Punjab, India.

YARNEX / TEXINDIA / DyChem comes from the house of **S S Textile Media Pvt. Ltd.**, organizers of B2B trade shows for the textile value chain under the umbrella of Textile Fairs India **(TFI)**, showcasing **SEVEN** global textile fairs - **YARNEX, F&A SHOW, INDIGO, DYCHEM, TEXINDIA, APPAREL SOURCING FAIR** and **HOMTEX** running parallel to each other in major cities of India viz., Ludhiana, Kolkata, Bangalore, Mumbai, Delhi and Tirupur there by integrating the entire Textile Value Chain from Fibre to Finish to the discerning buyers.

148 Leading companies from various parts of India will showcase their latest in **Fibers** - Natural (Cotton, wool, silk & flax/ramie); Man-made (regenerated & synthetic); Specialty; Others. **Yarns** - Natural & Blends (Cotton, wool, silk & linen/ramie); Man-made & Blends (regenerated & synthetic); Elastic; Fancy; Specialty yarn. **Apparel Fabrics** - Knitted; Embroidered; Grey; Imported; Denim/Bottom Weight; Printed; Processed; Silk; Speciality; Velvet, Woollen; Shirting Fabrics Mill Made and Powerloom, Women's Wear Fabrics - High-end Value Added Fabrics, Stitch Kurtis, Digital & Foil Print Fabrics. Stoles & Suit Dupatta, **Dyes, Chemicals, Contract Manufacturing, Trims & Embellishments** - Buttons; Zippers; Interlinings; Labels; Laces; Tapes; Thread - Sewing & Embroidery; Services at the Show.

Visitors to the **YARNEX / TEXINDIA / DyChem** represent a diverse category including international buying houses and buying agents, composite mills, powerloom weavers, knitters, garment manufacturers & exporters; distributors and wholesalers, apparel brands, importers, fashion designers, fashion labels & trade body representatives.

Some of the topmost names in the fibers, yarns, fabrics and accessories domain viz., Vardhman Textiles Limited, Ludhiana; Reliance Industries Limited, Navi Mumbai; Grasim Industries Ltd. (LIVA), Mumbai; Wellknown Polyesters Ltd., Mumbai, Arisudana Industries Ltd., Ludhiana; Indorama India Private Ltd., INVIYA®, Chandigarh; Sanathan Textiles Ltd., Mumbai; Bhilosa Industries Pvt. Ltd., Mumbai; Dodhia Synthetics Limited, Mumbai; Everflow Petrofils Ltd., Mumbai; Kudu Knit Process Pvt. Ltd., Ludhiana; Nahar Industrial Enterprises Ltd., Ludhiana; Oswal India, Ludhiana; Siyaram Silk Mills Ltd., Mumbai; Aarti International Ltd. (Textile Div.), Ludhiana; RSWM Limited, Bhilwara; Shital Fibres Limited, Jalandhar; Thukral Fabrics, Ludhiana; Sambandam Spinning Mills Ltd, Salem; M.K. Aggarwal Fabrics Pvt. Ltd., Ludhiana; Udey Craft (Oster Group), Ludhiana; Shobikaa Impex Pvt. Ltd., Karur; Oriental Textile Processing Co. Pvt. Ltd., Ludhiana; P.I. Cottex Pvt. Ltd., Ludhiana; V.P Tex Pvt. Ltd., Erode; Pioneer Embroideries Limited, New Delhi; Positex Pvt. Ltd., Delhi; S.Biotex Pvt. Ltd., Ludhiana; S.M Textiles, Ludhiana; Sandeep Synthetics, New Delhi; Gokulanand Petrofibres, Surat; Goyal Petrofils Yarns (P) Ltd., Ludhiana; GHCL Ltd., Madurai; Tex Corp Pvt. Ltd., Gurgaon; Perfect Filaments Ltd., Mumbai; Trendy Creation Textile Mills, Ludhiana; Britacel Silicones Ltd., Mumbai, Fineotex Chemical Ltd., Mumbai; Indokem Limited, Mumbai; Pulcra Chemicals India Pvt. Ltd., Thane; reflects the positive sentiments prevailing in the market and the enthusiastic reception that the event has generated.



Show timings - 10.00 am to 7.00 pm





### YARNEX EXHIBITORS

| Company Name / City |
| --- |
| Aarti International Ltd. (Textile Div.), Ludhiana |
| Acrotex by Ganpati Textiles, Amritsar |
| Adlon Industries Pvt. Ltd., Surat |
| Anoop Industries, New Delhi |
| Arisudana Industries Limited, Ludhiana |
| Arknine Technologies Pvt. Ltd., Mumbai |
| ASM Melange Yarns, Tirupur |
| Bhilosa Industries Pvt. Ltd., Mumbai |
| Bhumi Tex Industries Pvt. Ltd., Mumbai |
| Dodhia Synthetics Limited, Mumbai |
| Everflow Petrofils Ltd., Mumbai |
| Filatex India Limited, New Delhi |
| Garg Acrylics Limited, Ludhiana |
| GHCL Textiles Limited, Madurai |
| Gokulanand Petrofibres, Surat |
| Goyal Petrofils Yarns (P) Ltd., Ludhiana |
| Grasim Industries Ltd. - LIVA, Mumbai |
| GTN Engineering (India) Ltd., Hyderabad |
| Hemlon Synthetics Pvt. Ltd., Ahmedabad |
| Hyosung India Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Indorama India Pvt. Ltd., INVIYA®, Chandigarh |
| Jagannath Textile Company Ltd., Coimbatore |
| JB Ecotex Limited, Surat |
| Khanna Industries, Ludhiana |
| Kiran Industries Pvt. Ltd., Surat |
| Kishan Jari, Surat |
| Kudu Knit Process Pvt. Ltd., Ludhiana |
| M.L Spinners Pvt. Ltd., Gohana |
| MKS Shri Enterprises, Sonepat |
| Nahar Industrial Enterprises Ltd., Ludhiana |
| Oswal India, Ludhiana |
| Perfect Filaments Ltd., Mumbai |
| Pioneer Embroideries Limited, New Delhi |
| PRR Weavspins Pvt. Ltd., Erode |
| Radiant Holographics, Surat |
| Reliance Industries Limited, Navi Mumbai |
| RSWM Limited, Bhilwara |
| Sagar Manufacturers Pvt. Ltd., Bhopal |
| Sambandam Spinning Mills Ltd., Salem |
| Sanathan Textiles Ltd., Mumbai |
| Sangal Industries Pvt. Ltd., Muzaffarnagar |
| Sangam India Limited, Bhilwara |
| Shobikaa Impex Pvt. Ltd., Karur |
| Shree Polyester Industries P. Ltd., Mumbai |
| Shreeram Synthetics, Ludhiana |
| Siyaram Silk Mills Ltd., Mumbai |
| Sogo Fashions Pvt. Ltd., Noida |
| Sportking India Ltd., Ludhiana |
| Square Corporation, Ludhiana |
| Star Traders, Ludhiana |
| Sumilon Industries Pvt. Ltd., Surat |
| Toplight Fabrics Pvt. Ltd., Tirupur |
| Udey Craft (Oster Group), Ludhiana |
| V.P. Tex Private Limited, Erode |
| Vardhman Textiles Limited, Ludhiana |
| Vijay Kumar Arun Kumar, Amritsar |
| Wellknown Polyesters Ltd., Mumbai |

### TEXINDIA EXHIBITORS

| Company Name / City |
| --- |
| Aartex Global, Bahadurgarh |
| Ambika International, Ludhiana |
| Arihant Textile Sales Depot, Ludhiana |
| Arise Integrated Industrial Platforms, Gurugram |
| Asian Impex, Delhi |
| Augean Enterprises Solutions Pvt. Ltd., Mumbai |
| Bhimraj Syntex Pvt. Ltd., Surat |
| C. J. Fashion & Fabric, Ludhiana |
| C.R.V. Tapes, Ludhiana |
| Communion (World Impex Inc.), New Delhi |
| Demarte Fashion Yarns, Ludhiana |
| Eakta Dyeing & Finishing House, Ludhiana |
| Eros Envirotech Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Fabric Catcher, Ludhiana |
| Garg Polyplast Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Ginza Industries Limited, Mumbai |
| Globaltextilesource.com, Bangalore |
| Goldstar Fabrics Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Gooffy Knits Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Guru Kirpa Fabrics, Ludhiana |
| Hanuman Prasad & Sons, New Delhi |
| Hem Yarns, Ludhiana |
| Jinkosolar Trading Pvt. Ltd., Gurgaon |
| Kirti Knits, Ludhiana |
| Kirtle Inc., Ludhiana |
| Kishan Ribbon Elastic, Surat |
| Lark Knitwears, Ludhiana |
| Lovely Impex, Noida |
| Lucidus Energy Pvt. Ltd., Anand |
| M.K. Aggarwal Fabrics Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Madhur Knit Crafts Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Mahalaxmi Fabrics LX, Mumbai |
| Nilesh Impex India Pvt. Ltd., Tirupur |
| Olympic Zippers Ltd., Meerut |
| Oriental Textile Processing Co. Pvt. Ltd., Ludhiana |
| P.I. Cottex Pvt. Ltd., Ludhiana |
| P.S. Accessories, Delhi |
| Positex Pvt. Ltd., Delhi |
| Priya International, Bhilwara |
| Punhani Group Holding Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Puri Textile, Ludhiana |
| PVM Enterprises Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Raheja Textiles, Ludhiana |
| Rehaan Overseas, Ludhiana |
| RG Merchandisers Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Roofsol Energy Pvt. Ltd., Mumbai |
| S.Biotex Pvt. Ltd., Ludhiana |

| Company Name / City |
| --- |
| S.M. Textiles (Makkar Fabrics), Ludhiana |
| Sandeep Synthetics, New Delhi |
| Santosh Kumar & Sons, Ludhiana |
| Satnam Traders, Ludhiana |
| Shaoxing OXF Global Co., Ltd., China / Tirupur |
| Shastri Polytex Industries, Ludhiana |
| Shital Fibres Limited, Jalandhar |
| Siddh Shree Textiles, Delhi |
| Solidus Techno Power Pvt. Ltd., Patiala |
| Soma International, Ludhiana |
| Splendid Fabrics, Delhi |
| Standard Woollen Mills, Ludhiana |
| Stitch World (India), Ludhiana |
| Studio Next Technology Pvt. Ltd., Mumbai |
| Tex Corp Pvt. Ltd., Gurgaon |
| Textile Fairs India, Bangalore |
| Thukral Fabrics, Ludhiana |
| Trendy Creation Textile Mills, Ludhiana |
| Unicorn International, Ludhiana |
| V.S. Fabrics & Investments Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Vidya Enterprises, Ludhiana |
| Vishal Textile, Amritsar |
| Youngman Woollen Mills (P) Ltd., Ludhiana |
| Zip Industries Pvt. Ltd., Chennai |
| Ziptex-A, Surat |

### DYCHEM EXHIBITORS

| Company Name / City |
| --- |
| Aarti International, Delhi |
| Aspire Skaay Pvt. Ltd., Mumbai |
| Bharti Creations, Sangli |
| Britacel Silicones Ltd., Mumbai |
| Colorjet India Ltd., Noida |
| Eeco Urja Ventures, Hoshiarpur |
| Fineotex Chemical Ltd., Mumbai |
| Globate Chemicals, Ludhiana |
| Indiana Acids & Chemicals, Ludhiana |
| Indokem Limited, Mumbai |
| Infinium Polychem, Ahmedabad |
| Pon Pure Chemicals, Chennai |
| Pulcra Chemicals India Pvt. Ltd., Thane |
| Shori Chemicals Pvt. Ltd., Ludhiana |
| Singhania Resources Pvt. Ltd., Ludhiana |
| STAS Biochem Pvt. Ltd., Faridabad |
| Wadhwa Dyes & Chemicals, Ludhiana |

**Entry for Trade Buyers only Children below 15 years are not allowed.**

Organised by:

**S S Textile Media Pvt. Ltd.**
Mob. +91 7483001603, 8884564643, 8884880454
E-Mail: sstm@textilefairsindia.com

For registration SCAN QR CODE

For more details visit:
www.textilefairsindia.com

Supported by:

Bahadur-ke-Textile and Knitwear Association (Regd.) | Northern India Textile Mills Association | Tirupur Exporters Association | Knit Cloth Manufacturers Association

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# शुक्र है नहीं तो ये मुझे खालिस्तानी बना देते, संसद में शखस को दबोचने वाले जांबाज सांसद ने आखिर क्यों कही ये बात

कुलवंत सिंह



पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक से हर कोई हैरान है कि आखिर कैसे दो युवकों ने लोकसभा में उत्पात मचाया है। जब ये आरोपी संसद के अंदर एक टेबल से दूसरी पर कूद रहे थे, उस दौरान कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने आरोपी को दबोच लिया। आरोपियों को पकडऩे के दौरान स्मोक कनस्तर से उनके हाथ भी जल गए। इसे लेकर कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने एक चैनल से विशेष बातचीत की है। अमृतसर से सांसद गुरजीत सिंह औजला ने कहा कि जब उन्होंने हमलावरों को पकड़ा तब कनस्तर से उनका हाथ जल गया। उन्होंने कहा कि संसद में एक प्रोटोकॉल होना चाहिए कि किसे कहां तक खड़ा होना है और किसे कहां बैठना है। अब भी विजिटर गैलरी में खड़े होने के बाद यह पता नहीं चलता है कि आपके साथ कौन खड़ा है? संसद के अंदर स्मोक बम लाना बहुत बड़ा मुद्दा बन गया है। अगर यही बम किसी शादी समारोह में चल रहा होता तो कोई मुद्दा नहीं बनता।

**संसद की व्यवस्था एक प्रोटोकॉल के तहत होनी चाहिए...**कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह संसद है, यहां देशभर से चुने हुए प्रतिनिधि आते हैं। अगर संसद में कोई भी हरकत होगी तो वह देश की सुरक्षा में बड़ी चोट है। ऐसे में प्रोटोकॉल के तहत सभी लोगों के बैठने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अगर आप दूर हैं तो आपको नजदीक बैठने की जगह मिलनी चाहिए। साथ ही दर्शकों के लिए बैठने की भी व्यवस्था करनी चाहिए। संसद में शखस को दबोचने वाले जांबाज सांसद ने विजिटर पास पर रोक को लेकर कहा कि सांसदों द्वारा जारी किए जाने वाले विजिटर पास कैंसिल कर दिए गए हैं। जांच के लिए यह सिर्फ एक-दिन तो ठीक है, लेकिन हमेशा के लिए कैंसिल करना सही नहीं है। बाद में विजिटर पास जारी करने की प्रक्रिया बहाल हो जानी चाहिए। अगर ऐसा होगा तो दुश्मन जीत जाएगा। कांग्रेस सांसद ने अमित मालवीय के पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा कि ये लोग गलत बात करते हैं। ये तो शुक्र है कि मैंने पास नहीं दिया, नहीं तो मुझे भी खालिस्तानी बना देते। एक बार उन्हें अच्छी तरह से कांग्रेस का इतिहास पढऩा चाहिए।

# इस वजह से पंजाब कांग्रेस नहीं चाहती आप से गठबंधन, हाईकमान को बताया अपना डर





पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। एक तरफ जहां लोकसभा चुनाव में बीजेपी को टक्कर देने के लिए विपक्षी पार्टियों ने इंडिया गठबंधन बनाया है। इसके सहारे 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत की रणनीति तैयार की जा रही है। वहीं दूसरी ओर इस गठबंधन में चुनाव से पहले गांठ की खबरें अक्सर आ रही है। गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में पंजाब में कुछ सही नहीं चल रहा है। अलाकमान की लाख कोशिशों के बाद भी पंजाब कांग्रेस आप से किसी भी सूरत में गठबंधन नहीं चाहती। बुधवार को दिल्ली में हुई बैठक में पंजाब कांग्रेस ने गठबंधन ना करने की वजह भी बताई है। दिल्ली में कांग्रेस की बुधवार को हुई बैठक में पंजाब कांग्रेस नेतृत्व के अलावा, वरिष्ठ नेताओं, सांसदों ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक का मकसद पंजाब के नेताओं से राय लेना था कि लोकसभा चुनाव के लिए आप से गठबंधन किया जाए या नहीं? जिसपर पंजाब कांग्रेस ने प्रदेश में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी से लोकसभा चुनाव में समझौता नहीं करने की बात कहते हुए कहा कि इससे उनको डर है इससे पार्टी का वोट बैंक खिसक सकता है और चुनाव के बाद कोई गारंटी नहीं है कि वो खिसका हुआ वोट बैंक वापस आ जाएगा। इस बैठक में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के अलावा, वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण आशु भी मौजूद रहे।

**सांसदों और वरिष्ठ नेताओं की अलग-अलग राय...**सांसदों का एक बड़ा धड़ा चाहता है कि दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हो। जबकि पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में सरकार चला रही है। साल 2022 के चुनावों में पार्टी को 72 प्रतिशत वोट शेयर मिला था, लेकिन संगरूर लोकसभा उपचुनाव में आप का वोट 50 प्रतिशत तक पहुंच गया। इसके बाद देखा गया कि जालंधर उपचुनाव मे आप का वोट प्रतिशत 34 पर पहुंच गया। जबकि कांग्रेस का वोटिंग प्रतिशत 15 प्रतिशत बढकर 28 प्रतिशत पर पहुंच गया है। पंजाब कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आप लोगों की उंमीदों पर खरा नहीं उतर रही इस वजह से उसका वोटिंग प्रतिशत नीचे जा रहा है। वहीं इसका फायदा कांग्रेस को मिल सकता है लेकिन अगर उन्होंने आप से गठबंधन कर लिया तो वोट बैंक उनसे नाराज होकर बीजेपी या अकाली दल को वोट करेगा। अब फिलहाल कांग्रेस की तरफ से कहा गया है कि वो हर सीट का सर्वे करवाएगी और देखेगी की पार्टी किस सीट पर कितनी सशक्त है और किस सीट पर कोई दूसरी पार्टी।

# पंजाब पुलिस ने बड़े हथियार तस्कर गिरोह का किया भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार



पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। पंजाब पुलिस ने एक बड़े हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के एक हथियार निमार्ता सहित दस लोगों को गिरफतार कर एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह पदार्फाश किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया साइट एक्स के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों से कुल 22 हथियार बरामद किए गए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पर लिखा, ह्यह्यपुलिस ने मध्य प्रदेश से संचालित एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया और हथियार की आपूर्ति करने वाले दो तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया। मध्य प्रदेश से हथियार निमार्ता सहित 10 लोगों को गिरफतार किया गया और उसके पास से 22 हथियारों की बरामदगी हुई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है, जांच जारी है।

**मादक पदार्थ तस्करों पर राज्यपाल की आई प्रतिक्रिया...**दूसरी तरफ बुधवार को पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित की मादक पदार्थ तस्करी पर प्रतिक्रिया आई। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को सीमावर्ती इलाकों में मादक पदार्थ तस्करों को ऐहतियातन हिरासत में लेने की बीएसएफ की अनुशंसा स्वीकार करनी चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आप सरकार को राज्य में मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए हर गांव में ग्राम रक्षा समितियां गठित करनी चाहिए।

**बीएसएफ ने जो सिफारिश की है वह जायज...**बीएसएफ की अनुशंसा को लेकर एक सवाल के जवाब में पुरोहित ने कहा, बीएसएफ ने जो सिफारिश की है वह जायज है और इसका पालन जरूर किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने यहां मीडिया से कहा कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो यह एक बड़ी गलती होगी। बीएसएफ के विशेष महानिदेशक, पश्चिमी कमान, योगेश बहादुर खुरानिया ने कहा था कि उनके बल ने पंजाब सरकार से सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी के आदतन अपराधियों को ऐहतियातन हिरासत में लेने की सिफारिश की थी।

# नशा बेचने के विवाद में सरपंच बेटे द्वारा फायरिंग, एक की मौत, एक घायल



पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। पंजाब में नशा किस कदर गंभीर समस्या बन चुका है कि अब तो इसके लिये हत्याए भी हो रही है। ऐसा ही एक मामला उस समय सामने आया जब अमृतसर में नशे बेचने को लेकर हुए विवाद में हुई फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना अटारी एरिया के रणगढ़ गांव में हुई। यहां बुधवार रात को सरपंच के बेटे और एक बिजली कर्मचारी ने पहले गाली-गलौज किया और फिर गुरुवार सुबह फायरिंग शुरू कर दी। रणगढ़ गांव के शमशेर सिंह ने बताया कि बुधवार रात को गांव के सरपंच निरवेल सिंह बब्बी के बेटे विशाल और सतनाम सिंह व बिजली विभाग के कर्मजीत सिंह नामक कर्मचारी ने उनके घर आकर गालियां निकालीं और चले गए। इसके बाद गुरुवार सुबह जब वह लोग बातचीत करने गए तो वहां आरोपियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। निरवेल सिंह कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ है। शमशेर के अनुसार, आरोपियों की फायरिंग में उसके पिता विक्रमजीत सिंह और चाचा मनजीत सिंह उर्फ गोल्डी घायल हो गए। दोनों को तुरंत प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया गया जहां मनजीत सिंह की मौत हो गई। विक्रमजीत सिंह का इलाज अमृतसर के सिविल अस्पताल में चल रहा है।

**नशे को लेकर विवाद...**शमशेर सिंह के मुताबिक, यह सारा विवाद नशे को लेकर हुआ। रणगढ गांव में कांग्रेसी सरपंच निरवेल सिंह बब्बी की शह पर नशा बेचा जाता है। जब उनके परिवार ने इसका विरोध किया तो उन पर गोलियां चला दी गई। दो महीने पहले भी इसी गांव में फायरिंग की घटना हुई थी। इस घटना से जुड़ी शिकायत अमृतसर देहाती के घरिंडा थाने में दे दी गई। फिलहाल पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है।

# पंजाब तीर्थ यात्रा स्कीम में रेलवे ने मना किया ट्रेने देने से, हाई कोर्ट में भी याचिका





पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। पंजाब सरकार की तरफ से शुरू की गई तीर्थयात्रा स्कीम को गृहण लगने जा रहा है,इसकी वजह जो सामने आई है वह है रेलवे विभाग,जिसने ट्रेने देने से इनकार कर दिया है। इसकी वजह से अब सरकार कुछ समय तक पंजाब के लोगों को गुरुधामों और तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए नहीं ले जा पाएगी। बताया जा रहा है कि रेलवे ने फरवरी महीने तक ट्रेनें उपलब्ध न होने की जानकारी मौखिक तौर पर पंजाब सरकार को दी है। रेलवे का तर्क है कि उसके पास जनरेटरों की कमी है इसलिए वह ए.सी. कोच वाली ट्रेन उपलब्ध नहीं करवा सकता। पंजाब सरकार भी रेलवे से लिखित आदेश आने का इंतजार कर रही है। सरकार लोगों को अलग-अलग प्रदेशों में गुरुधामों और तीर्थस्थलों की यात्रा कराने के लिए रेलवे के पास एक करोड़ रुपए से अधिक एडवांस रकम पहले ही जमा करवा चुकी है। फिलहाल अभी तक एक ही ट्रेन पंजाब सरकार की तरफ से शुरू की गई थी। जिसमें 1 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने अमृतसर से नंदेड़ साहिब तक की यात्रा की थी। साप्ताहिक टूर में यात्रियों को खाने पीने से लेकर रहने व दर्शनों तक के सारे इंतजाम पंजाब सरकार की तरफ से किए गए थे।

**हाईकोर्ट भी पहुंचा है यात्रा का मामला...**इस योजना के खिलाफ एडवोकेट एचसी अरोड़ा की तरफ से पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। बीती सुनवाई में हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को अपना पक्ष रखने के लिए कहा है। याचिका में एडवोकेट अरोड़ा ने स्कीम को बंद करने की मांग रखी है। उनका मानना है कि सरकार इस योजना से पैसे बर्बाद कर रही है।

# संसद सुरक्षा ब्रेक मामले में आतंकी पन्नु भी कूदा, चार आरोपियों को 10-10 लाख की सहायता देने का ऐलान किया

पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। संसद सुरक्षा में सेंध मामले में अब खालिस्तानी आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू भी कूद गया है। संसद में घुसपैठ मामले में महिला सहित पकड़े गए चारों आरोपियों को आतंकी पन्नू ने कानूनी मदद देने की पेशकश कर दी है। उसने इस मामले में वीडियो जारी किया है। मगर, इस पूरे प्रकरण में उसकी क्या भूमिका है, इस पर पन्नू ने कोई टिप्पणी नहीं की है। आतंकी पन्नू ने जारी मैसेज में कहा कि संसद हमले की बरसी पर संसद सुरक्षा का उल्लंघन करने वाले चार पुरुषों और महिला को 10 लाख की कानूनी सहायता देगा। वास्तव में भारतीय संसद की नींव को झटका लगा है। सेल्फ डिफेंस के लिए हथियारों से लैस होना जरूरी है। वहीं, उसने कनाडा, अमेरिका में शुरू की गई रेफरेंडम ड्राइव के 26 जनवरी 2024 से भारत में शुरू करने की एक और धमकी दे दी है। हालांकि इस दौरान 5 दिसंबर को भारतीय संसद हिलाने के बयान और उसके बाद बुधवार को संसद में हुई सेंध के पीछे उसकी साजिश या अन्य किसी तरह की भूमिका के बारे में पन्नू ने कुछ नहीं कहा है। 5 दिसंबर को धमकी वाला वीडियो किया था जारी किया था।



# बाड़ेवाल के सुनील पार्क में 4 आवारा कुत्तों ने पांच साल की बच्ची को नोचा

## घसीटकर झाड़ियों में ले गए, 40 सैकेंड नोचने के बाद लोगों ने किया बचाव, लोग बोले अधिकारी सोए हुए हैं

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/14 दिसंबर। फिरोजपुर रोड पर पड़ते बाड़ेवाल रोड के सुनील पार्क एरिया में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हो चुके हैं। इन आवारा कुत्तों की ओर से बड़ी घटना को अंजाम दे दिया गया। बुधवार की दोपहर करीब दो बजे चार आवारा कुत्तों ने गली से गुजर रही एक पांच साल की बच्ची को नोच डाला। कुत्ते बच्ची को घसीटकर झाड़ियों में ले गए और करीब 40 सैकेंड तक उसे नोचते रहे। मगर मौके पर इलाके के लोग पहुंच गए और उन्होंने बच्ची का बचाव किया। लेकिन बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए उसे अस्पताल दाखिल कराया गया। बताया जा रहा है कि कुत्तों ने बच्ची को कई जगह नोचा है। जिस कारण उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। जिसमें दिख रहा है कि किस तरह बच्ची को कुत्ते नोच रहे हैं। जानकारी के अनुसार बच्ची बुधवार दोपहर को गली में से गुजर रही थी। इसी दौरान कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया।







### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

वहां पास के एक घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो चुकी है। जिसमें दिख रहा है कि बच्ची गली में से निकलकर जा रही होती है। जिसके बाद एकदम झाड़ियों से निकलकर एक आवारा कुत्ता उसके सामने आता है। बच्ची डरकर गिर जाती है। जिसके बाद एक के बाद एक चार कुत्ते बच्ची को नोचने लगे हैं। फिर वह उसे खींचकर अपने साथ ले जाते हैं।

### सीएम ऑफिस में करेगें शिकायत

बाड़ेवाल रोड एरिया हलका वेस्ट के अधीन आता है। इलाके के लोगों ने आरोप लगाया कि बाड़ेवाल रोड के हर इलाके में अवारा कुत्तों का आतंक है। पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी है। जिसकी बकायदा नेताओं और नगर निगम को शिकायतें की गई। लेकिन किसी ने कोई हल नहीं किया। प्रशासन की इसी लापरवाही के कारण एक बच्ची की जान को खतरा पड़ गया। लोगों ने कहा कि यदि इन आवारा कुत्तों को इलाके से खत्म न किया गया तो वह इसकी शिकायत सीएम ऑफिस में करेगें।

### किसी की जान खतरे में पड़ने पर जागता है प्रशासन

वहीं इलाके के लोगों का कहना है कि पहले तो प्रशासन को शिकायतें की जाए तो कार्रवाई नहीं होती। जब किसी की जान को खतरा पड़ जाता है तो प्रशासन व राजनेता जाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम कुत्तों की नसबंदी पर जोर दे रहा है, लेकिन नसबंदी से कुत्तों द्वारा किए जा रहे लोगों पर हमले व नोचने की घटनाएं नहीं रुक सकती। लोगों ने कहा कि नेता व अधिकारी सोए हुए हैं, इसी लिए लोगों की समस्याएं नहीं पता चल पा रही।

### इलाके से कुत्तों का कराया गया रेस्क्यू

वहीं इस संबंध में विधायक गुरप्रीत गोगी ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। बच्ची की हर तरह से सहायता की जा रही है। वह खुद भी पीड़ित परिवार से मुलाकात करेगें। विधायक गोगी ने कहा कि इलाके में कुत्तों का रेस्क्यू करवा दिया गया है। हलके के आवारा कुत्तों को एक जगह रखने संबंधी नगर निगम अधिकारियों से बातचीत कर एक जगह बनाई जाएगी, जिससे लोगों को आ रही समस्या दूर हो सकेगी।

# फर्जी समाचार चैनलों के खिलाफ कार्रवाई पर अनुराग ठाकुर ने सांसद अरोड़ा को दिया जवाब



लुधियाना/यूटर्न/14 दिसंबर। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिसंबर, 2021 से, भारत की अखंडता व संप्रभुता के हित में, भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध या सार्वजनिक व्यवस्था या उपरोक्त से संबंधित किसी भी संज्ञेय अपराध के लिए उकसावे को रोकने के लिए आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए का उल्लंघन करने वाली सामग्री दिखाने के लिए 122 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों की सार्वजनिक पहुंच को अवरुद्ध करने के निर्देश जारी किए हैं। यह बात सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने राज्यसभा के चल रहे शीतकालीन सत्र में सांसद (राज्यसभा) संजीव अरोड़ा द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कही है। अरोड़ा ने फर्जी समाचार चैनलों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर मंत्री से जवाब मांगा था। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में पूछा था कि फर्जी समाचार चैनल बंद हो जाएं; और पिछले तीन वर्षों में कितने चैनलों को बंद करने के लिए बाध्य किया गया है।

अपने जवाब में, मंत्री ने कहा कि सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 (आईटी नियम, 2021) को अधिसूचित किया है जो अन्य बातों के साथ-साथ डिजिटल मीडिया पर समाचार और समसामयिक मामलों के प्रकाशकों और ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री (ओटीटी प्लेटफॉर्म) के प्रकाशकों द्वारा नियमों के तहत निर्धारित आचार संहिता के पालन और उनके द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायत के निवारण के लिए एक त्रिस्तरीय तंत्र प्रदान करता है। इसके अलावा, मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए, सभी निजी सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों को अन्य बातों के साथ-साथ उनके द्वारा प्रसारित सामग्री के संबंध में केबल टीवी नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 के तहत निर्धारित कार्यक्रम कोड का पालन करना आवश्यक है। यह अधिनियम टीवी चैनलों द्वारा संहिताओं के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए त्रिस्तरीय शिकायत निवारण तंत्र का भी प्रावधान करता है। जहां संहिताओं का उल्लंघन पाया जाता है वहां उचित कार्रवाई की जाती है। आज यहां एक बयान में यह जानकारी देते हुए अरोड़ा ने कहा कि अन्य समाचार-आधारित यूट्यूब चैनलों को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा 122 यूट्यूब समाचार चैनलों के खिलाफ की गई कार्रवाई को एक ¤सबक¤ के रूप में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बनाये गये कानून का सभी को पालन करना चाहिए।

# गांजा से भरी सिगरेट समेत पकड़े युवक को AAP विधायक सिद्धू ने मारा थप्पड़, बोले नशा जड़ से करेगें खत्म

राजदीप सिंह सैनी



युवक को थप्पड़ मारते हुए विधायक कुलवंत सिद्धू।

लुधियाना/यूटर्न/14 दिसंबर। लुधियाना के हलका आत्म नगर से आप विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू की और से वॉर्ड 40 में नशा करने वालों पर रेड की गई। इस दौरान उन्होंने गांजे से भरी सिगरेट लेकर घूम रहे एक युवक को पकड़ लिया। जब युवक हंसा तो विधायक सिद्धू ने उसको थप्पड़ जड़ दिया।

इस घटना वहां पर एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल में कैद कर ली। जिसके बाद यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जानकारी अनुसार हलका आत्म नगर के आप विधायक सिद्धू की हैल्प वैन इलाकों में घूम रही थी। इसी दौरान उन्हें किसी ने शिकायत दी कि लुधियाना में वार्ड नंबर 40 में कुछ युवक सरेआम चिट्टे का सेवन करते हैं। युवक गांजा से भरी हुई सिगरेट भी खूब पीते हैं।

**मौके पर कई युवक नशा करते मिले...**विधायक सिद्धू ने इसके बाद पुलिस टीम के साथ रेड की तो करीब 15 से 20 युवक मौके पर नशा करते मिले।

पुलिस टीम को देख सभी युवक बाइकों पर भाग गए, लेकिन एक युवक विधायक सिद्धू के हाथ आ गया। सिद्धू ने उसे जब नशा करने का कारण पूछा तो उसने आदत बताया और हंसने लगा। गुस्से में आकर विधायक सिद्धू ने युवक को थप्पड़ जड़ दिया।

**नशा करेगें जड़ से खत्म - सिद्धू...**विधायक कुलवंत सिद्धू ने कहा कि इलाके में नशा न तो करने दिया जाएगा और न ही बिकने देंगे।

नशेड़ी ने विधायक सिद्धू से कहा कि उसकी वीडियो वायरल न की जाए। सिद्धू ने कहा कि पुलिस को सख्त हिदायत दी कि वार्ड नंबर 40 में नशा तस्करों की सूची बनाकर दे। जो भी व्यक्ति इलाके में नशा बेचता है, उस पर तुरंत कार्रवाई करें। जो लोग नशे की दलदल में फंसे है उन्हें तुरंत नशा छुड़ाओ केन्द्रों में भेजा जाए।





मेगा एथलेटिक्स मीट 2023 के दौरान एएस मैनेजमेंट के प्रधान (शमिंदर सिंह मिंटू) को किया सम्मानित।

Happy Birthday



Trishika jain

# संसार में तूफान आते रहते हैं, पर जब नाम के जहाज में बैठ गए, तो तूफान से नहीं डरना चाहिये : सन्त अश्वनी बेदी जी








लुधियाना 14 दिसम्बर। श्री राम शरणम में चल रहे 69 वें राम नाम अखण्ड जप महा यज्ञ में सन्त अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि जिन्हें बहुत लगन हो और जो अपने में कोई परिवर्तन करना चाहें, उन्हें चाहिये कि वे ब्रह्म मुहूर्त में उठकर साधन करें। वह समय बड़ा उत्तम होता है।

आधी रात के बाद का समय सारा ही बड़ा उत्तम होता है। जप बहुत करना चाहिये । अन्त:करण के पुराने संस्कार जप से निकलते हैं। जिस प्रकार जब तक कोई चीज पहले खाली न कर ली जाए, तब तक उसमें कोई नई चीज नहीं भरी जा सकती। इसी प्रकार पहले मन को अहंभाव से खाली करना चाहिए, फिर उसमें राम बसेगा। अपने जो पाप ताप उसने अपने मित्रों से छिपाकर रखे होते हैं, वे भी उसके मुंह से विवश निकल जाते हैं। उन्हीं विचारों से डॉक्टर लोग उसकी बीमारी का कारण ताक लेते हैं। उन विचारों के निकल जाने से रोगी अच्छा हो जाता है। जो डॉक्टर बनता है, उसको भी पहले ऐसे ही लेटना पड़ता है और बोलना पड़ता है । जब उसके अपने सब विचार निकल जाते हैं और अन्त:करण निर्मल हो जाता है, तब वह डॉक्टर बनने के योग्य होता है।

राम नाम के जपने से भी ऐसे ही कुसंस्कार बाहर निकलते हैं और उनके निकल जाने पर अन्त में हृदय निर्मल हो जाता है। साधक को धैर्य से जप करते रहना चाहिये। यह नहीं समझना चाहिये कि मुझ में यह विचार पैदा होते हैं और मेरा मन नहीं लगा, अपितु यह समझना चाहिये कि यह हमारे कुसंस्कार निकल रहे हैं। जिस प्रकार बच्चे को अपनी मां पर निर्भरता होती है. उसी प्रकार साधक को अपने पथ-प्रदर्शक तथा साधन पर निर्भरता होनी चाहिये। बच्चे को संशय वृत्ति नहीं होती। इसी प्रकार साधक में भी निर्भरा भक्ति होनी चाहिये। यह आ जाने पर फिर भगवान को स्वयं साधक की चिन्ता हो जाती है। संसार में तूफान आते रहते हैं, पर जब नाम के जहाज में बैठ गए, तो तूफान से नहीं डरना चाहिये । उस पर भरोसा करना चाहिये नाम की चिकित्सा बड़ी ऊँची चिकित्सा है।

## श्री आदिश्वर धाम कुप्प कलां में ध्वजारोहण समारोह संपन्न

लुधियाना 14 दिसंबर। श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर आदिश्वरधाम कुपकलां का वार्षिक ध्वजारोहण प०पू० वर्तमान गच्छाधिपति शांतिदूत जैन आचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी म० के आशीर्वाद और आज्ञा से संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमर ध्वजारोहण का लाभ श्री शादी लाल, विजय कुमार, सतीश कुमार, अश्वनी जैन राम नगर वाले (वीएस ओसवाल हौजरी ) लुधियाना परिवार ने लिया। इस अवसर पर संजीव जैन (सीए) ने आए गणमान्यों का स्वागत करते हुए ध्वजारोहण परिवार की अनुमोदना की। इस दौरान पूजा मालेरकोटला से पधारे श्री आत्म वल्लभ जैन महिला मंडल द्वारा कराई गई। प्रभावना का लाभ प्रवीण जैन- शशि जैन (मलेरकोटला वालों) ने लिया ।इस अवसर पर अश्विनी जैन बिट्ठू, लता जैन, अरुण जैन बबला (वित महासचिव महासभा), अमित जैन ,रजत जैन, काला जैन, प्रवीण जैन ,शशि जैन, नरेश जैन, योगेश जैन, विनय जैन, वंदना जैन, संदीप, देसराज पंडित, जगदेव, रामू आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मी लेडीज क्लब अपने 90 साल का जश्न 20 दिसंबर को मनाएगा



लुधियाना, 14 दिसंबर। लक्ष्मी लेडीज क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।खास तौर पर उनके द्वारा सभी मीडिया को 20 दिसंबर को महाराजा रीजेंसी में आयोजित होने वाले लक्ष्मी लेडीज क्लब के 90 साल के जश्न के बारे में संबोधित किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए क्लब की सबसे सीनियर सदस्य और चेयरपर्सन पदमश्री श्रीमती रजनी बेक्टर ने समारोह में शामिल होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला और उन अनुभवी सदस्यों के विवरण की जानकारी दी, जिन्हें कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन 90 वर्षों में क्लब कैसे बदल गया। उन्होंने कहा कि यह शहर का सबसे पुराना क्लब है और महिलाएं इस क्लब में बहुत धूमधाम से शामिल हुई हैं। यह जानकारी अध्यक्ष रश्मि गोयल ने दी। यह एक भव्य कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें 800 सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है। हम इसका धूमधाम से जश्न मनाएंगे। उपाध्यक्ष उमा गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम शहर की महिलाओं के लिए क्लब के 9 दशकों का जश्न मनाने का मंच बनने जा रहा है। क्लब ने महिलाओं के कौशल, नारीत्व को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया है। उपस्थित अन्य लोगों में सचिव शेरी नैय्यर, संयुक्त सचिव वनिता त्रेहन और कोषाध्यक्ष रितु अरोड़ा आदि भी उपस्थित थीं।

## संसद की सुरक्षा में नाकाम मोदी सरकार देश की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेगी : भाटिया

शिव कौड़ा



फगवाड़ा 14 दिसंबर। भारतीय संसद पर साल 2001 में हुए हमले की बरसी पर बुधवार को एक महिला सहित कुछ युवाओं द्वारा की गई घुसपैठ को लोकतंत्र के मंदिर पर आघात बताते हुए आम आदमी पार्टी जिला कपूरथला के वित्त सचिव अशोक भाटिया ने कहा कि संसद की सुरक्षा से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि खूफीया एजेंसियों की इनपुट के बावजूद कुछ लोग नए संसद परिसर में घुसपैठ करने में सफल हो गये। उन्होंने कहा कि इस बात की गहन जांच होनी चाहिये कि हमलावर मोदी सरकार की नीतियों से खफा बेरोजगार नौजवान थे अथवा इसके पीछे कोई गहरी साजिश थी। उन्होंने सुरक्षा में चूक के लिये केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस से लेकर संसद भवन की सुरक्षा का दायित्व गृह मंत्रालय के पास है अत: अमित शाह की जवाबदेही तय करके उनसे इस्तीफा लिया जाये। अशोक भाटिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाया और कहा कि यह घटना दुनिया भर में भारत की साख पर धब्बा है। यह बिडंबना ही है कि 2001 में पुराने संसद भवन पर हुए हमले के समय भी केन्द्र में भाजपा की ही सरकार थी। प्रधानमंत्री देश की सुरक्षा से खिलवाड़ सहन न करने की बात करते हैं लेकिन जो सरकार संसद भवन की सुरक्षा ठीक से नहीं कर सकती, उसके हाथों में देश आखिर कैसे सुरक्षित रहेगा। एक सवाल के जवाब में अशोक भाटिया ने कहा कि यदि वास्तव में घुसपैठ करने वाले रोजगार न मिलने से हाताश थे तो विरोध जताने का यह तरीका हालांकि स्वीकार्य नहीं है लेकिन यह घटना प्रधानमंत्री मोदी के उस शगूफे की पोल खोलने के लिये काफी है कि उनकी सरकार देश से बेरोजगारी दूर करने के गंभीर प्रयास कर रही है। आप नेता ने कहा कि देश के युवाओं में मोदी सरकार की तानाशाही नीतियों को लेकर भी भारी आक्रोश है।

## श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा शहर में 24 दिसंबर को बिखेरेगी भक्ति एवं श्रद्धा का अनोखा रंग : अनूप थापर




लुधियाना, 14 दिसंबर। श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा जो 24 दिसंबर रविवार दोपहर 12 बजे श्री दुर्गा माता मंदिर जगराओं पुल से आरंभ होगी, और यह रथयात्रा फव्वारा चौक से रानी झांसी रोड, घुमार मंडी से होती हुई आरती चौक में विश्राम लेगी। इस संबंधी विशेष बैठक को संबोधित करते हुए जे.बी.एम. एनर्जी रिसोर्सिज प्रा. लि. के चेयरमैन व परम शिव भक्त अनूप थापर ने कहा कि रथयात्राओं का प्रचलन 1996 से महानगर में इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी ने शुरू किया था। तब से लेकर आज तक प्रत्येक शोभा यात्रा को रथयात्रा का नाम दे दिया जाता है, जो हम सब सनातियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण बलराम जगन्नाथ, बलदेव जी का साक्षात स्वरूप है। इसलिए उनके रथ के रस्से को खींचकर एक कदम चलने से अश्वमेघ यज्ञ के पुण्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि महानगर में वास्तव में श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा भक्ति का अनोखा रंग बिखेरेगी। इस अवसर पर कमेटी के उप प्रधान विपन सूद काका ने कहा कि रथयात्रा मार्ग पर महोत्सव कमेटी लोगों को श्री कृष्ण भक्ति का ज्ञान देने एवं लोगों को धर्म का पाठ पढ़ाने में पिछले 27 वर्षो से लगी हुई है। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा, प्रधान सतीश गुप्ता ने कहा कि इस रथयात्रा को निकालने का एक ही उद्देश्य है कि लोगों का जीवन हरिनाम संकीर्तन से जुड़े। उन्होंने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने हमें रथयात्राओं के माध्यम से श्री कृष्ण भक्ति से जोड़ा है। 24 दिसंबर के ऐतिहासिक दिन रथयात्रा के पावन अवसर पर इस्कॉन लुधियाना के सैकड़ों वैष्णव श्रील प्रभुपाद जी के लिखित अनेकों ग्रंथ श्रद्धालुओं में निशुल्क बटेंगे, जिस भी जीव को यह ग्रंथ मिलेंगे, उन ग्रंथों के प्रभाव से उनका जीवन बदलेगा।

# अकाली दल के स्थापना दिवस पर सुखबीर बादल ने बेअदबी की घटनाओं को लेकर मांगी माफी

कुलवंत सिंह



पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। शिरोमणि अकाली दल गुरुवार को अपना 103वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस दौरान अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने बेअदबी की घटनाओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सिख कौम की सर्वोच्च धार्मिक-अस्थायी सीट, श्री अकाल तखत साहिब की प्राचीर पर गुरु की इच्छा के प्रति खुद को समर्पित करते हुए, ईमानदारी से और बिना शर्त खालसा पंथ से माफी मांगता हूं कि अकाली शासन के दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी का जघन्य कृत्य हुआ था। सुखबीर बादल ने कहा, मैं इस बात के लिए भी माफी मांगता हूं कि हम अपने कार्यकाल के बचे हुए संक्षिप्त समय में दोषियों को पकड़ नहीं सके और उन्हें सजा नहीं दे सके। मुझे बहुत दुख है कि हम कुछ तथाकथित पंथिक व्यक्तियों और संगठनों की साजिशों को समझ नहीं सके और उन्हें हरा नहीं सके और उन्हें हमें जांच सीबीआई को सौंपने के लिए मजबूर करने की अनुमति दे दी। ये घटनाएं मेरे और एस प्रकाश सिंह बादल के जीवन की सबसे दर्दनाक घटनाएं हैं।

**सियासत करने वालों की शक्ल भी सामने लाएंगे...**बादल ने कहा कि हम असली दोषियों को नहीं पकड़ सके उसकी भी माफी मांगना चाहता हूं। हम असली दोषियों को जेल भेजेंगे और जिन्होंने सियासत की है, उनकी शक्ल भी सिख कौम के सामने लेकर आएंगे। बादल ने कहा कि एकजुट होकर ही दुश्मनों के अत्याचारों का मुकाबला किया जा सकता है।

**हरसिमरत कौर बादल पहुंचीं गोल्डन टेंपल...**बता दें कि अकाली दल प्रधान सुखबीर बादल के अलावा सांसद हरसिमरत कौर बादल, पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया, पूर्व मंत्री अनिल जोशी और अकाली दल के कई बड़े नेता गोल्डन टेंपल पहुंचे थे। हरमिंदर साहिब में श्री अखंड साहब पाठ का आयोजन भी किया गया था।

# पंजाब के किसानों पर देश में सबसे ज्यादा कर्ज, हर एक पर 2.52 लाख रुपए का कर्जा बकाया

कुलवंत सिंह



पंजाब/यूटर्न/14 दिसंबर। पंजाब देश के सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक राज्यों में से एक है। लेकिन एक हैरान कर देने वाली बात यह है कि पंजाब के किसान कर्जा लेने के मामले में पहले नंबर पर आ गए हैं। पंजाब में प्रति किसान क्रेडिट कार्ड पर लगभग 2.52 लाख रुपए का औसत लोन बकाया है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को प्रदान किए गए बकाया लोन के आंकड़ों की अगर बात करें तो पंजाब में लगभग 21.98 लाख कृषि परिवारों पर 55,428 करोड़ रुपए का भारी कर्ज है। जो कि हर केसीसी धारक पर 1.20 लाख रुपए के राष्ट्रीय औसत से अधिक है। इसके अलावा पंजाब के पड़ोसी राज्य हरियाणा की अगर बात करें तो वो किसानों के कर्ज के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां किसानों पर औसत 2.18 लाख रुपए कर्ज है। यहां 22.86 लाख किसानों पर 50,045 करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। इसके साथ ही बात करें गुजरात की तो किसानों पर कर्ज के मामले में गुजरात तीसरे नंबर पर है। गुजरात के 30.18 लाख केसीसी लाभार्थियों पर औसतन 2.06 लाख रुपए का कर्ज है। इसके साथ ही राजस्थान 65.40 लाख केसीसी धारकों पर औसतन 1.52 लाख रुपए कर्ज के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गया है। इसके अलावा बात करें उत्तर प्रदेश की तो यहां किसान क्रेडिट कार्ड के सबसे ज्यादा लाभार्थी हैं, यहां केसीसी लाभार्थियों की संखया 1.07 करोड़ रुपए है, इन पर बकाया राशि 1.28 लाख करोड़ रुपए है।

**चंडीगढ़ में केसीसी लाभार्थियों पर 99 करोड़ बकाया...**इसके अलावा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में केसीसी के 1,475 लाभार्थियों पर 99 करोड़ रुपए बकाया है। यहां प्रति परिवार औसतन 6.71 लाख रुपए बकाया है। आपको बता दें कि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की तरफ से लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए खुलासा किया गया था कि प्रदेश में 31 मार्च तक लगभग 7.34 करोड़ सक्रिय केसीसी धारक थे, उनपर 8.85 लाख करोड़ रुपए बकाया थे। आपको बता दें कि 1998 में किसान क्रेडिट कार्ड योजना शुरू की गई थी। जिसमें किसानों को कृषि संबंधित उपकरणों को खरीदने और कृषि से संबंधित अन्य उत्पादन जरूरतों के लिए नकदी निकालने की सुविधा दी जाती है। इस योजना के तहत, किसान वित्तीय संस्थानों को प्रदान की गई अतिरिक्त 1.5 फीसदी ब्याज छूट के साथ 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर लोन ले सकते है।

# नकली शराब बनाने वालो का पदार्फाश, ठेकेदार सहित 6 लोग गिरफ्तार, गुरुग्राम में बनाकर करते थे सप्लाई



हरियाणा/यूटर्न/14 दिसंबर। हरियाणा पुलिस ने नकली शराब के कारोबार का पदार्फाश किया है। बुधवार को दिल्ली- जयपुर हाइवे से जा रहे एक बंद बॉडी टाटा- 407 गाड़ी को रुकवाकर जब पुलिस ने जांच की तो इस नकली शराब के कारोबार का भंडाफोड़ हुआ। इस गाड़ी में शराब बनाने के उपकरण और केमिकल बरामद हुआ है। यह शराब गुरुग्राम में बनाकर सप्लाई की जाती थी। पुलिस ने सप्लाई लेने वाले ठिकानों पर भी रेड की, जहां से 350 से ज्यादा नकली शराब की पेटियां भी बरामद हुई। इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान गांव कसौला के पवन, जिला कानपुर के अजय व अर्जुन, भोंडसी गुरुग्राम के प्रशांत उर्फ सोनू राघव, नख डोला गुरुग्राम के संजय व गांव नाहरपुर के नरेश के रूप में हुई है। इनमें 3 को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी संजीव बल्हारा ने बताया कि उनकी एंटी व्हीकल थैफ्ट टीम के सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम से एक बंद बॉडी टाटा- 407 गाड़ी में नकली शराब बनाने का सामान भरकर लाया जा रहा है। टीम ने दिल्ली-जयपुर हाइवे स्थित साबी पुल के पास नाकाबंदी कर दी। उसी समय वहां पहुंची पिकअप गाड़ी को रुकवाकर उसे चैक किया गया तो उसमें नकली शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए। गाड़ी में सवार पवन, अजय व अर्जुन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि गुरुग्राम मानेसर एरिया के एक सुनसान फार्म हाउस में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री लगाई हुई है। जहां पर देसी शराब के अलावा रम भी बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि वे यह शराब गुरुग्राम और मानेसर में सप्लाई करते हैं। कुछ ठेकेदारों ने भी उनसे शराब खरीदी है। तत्पश्चात पुलिस टीम गुरुग्राम जा पहुंची और गांव सहरावन के ठिकाने से 350 पेटियां शराब की बरामद की। गुरुग्राम से भी नरेश, प्रशांत व संजय को को गिरफ्तार किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने राजस्थान के भी कुछ एरिया में यह शराब सप्लाई की है। डीएसपी बल्हारा ने कहा कि नकली शराब बनाने वाले मास्टरमाइंड सहित 6 लोगों के खिलाफ धारूहेड़ा थाना में केस दर्ज कर तीन को रिमांड पर लिया गया है। उनसे रिमांड पर पता लगाया जाएगा कि इन्होंने कहां- कहां शराब सप्लाई की है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने 20 दिन पूर्व ही नकली शराब बनाने का कारोबार शुरू किया था।

# नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी के भाई पर बदमाशों ने किया हमला, जिंदा जलाने की कोशिश, पेट्रोल छिड़ककर लगाई आग

हरियाणा/यूटर्न/14 दिसंबर। हरियाणा के फरीदाबाद में नूंह हिंसा के आरोपी गौ रक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के भाई को जिंदा जलाने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। बुरी तरह से झुलसे बिट्टू बजरंगी के छोटे भाई को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बदमाश वहां आए और पूछा कि तू बिट्टू बजरंगी का भाई है। महेश के हां बोलते हुए उन्होंने पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। जिसके बाद वह झुलसी हालत में ही आधी रात को घर पहुंचा।



जिसके बाद परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर उसे फरीदाबाद के सिविल अस्पताल से दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। बिट्टू ने आगे बताया कि रात 1.20 बजे उनका भाई संजय एनक्लेव की पर्वतीय कॉलोनी स्थित घर पहुंचा। उसने गेट खटखटाते हुए अपनी पत्नी नेहा को आवाज लाई। महेश ने कहा कि जल्दी दरवाजा खोले, मुझे किसी ने आग लगा दी है। आनन-फानन में पत्नी ने दरवाजा खोला तो महेश बुरी तरह से झुलसी हालत में बाहर खड़ा था। इसके बाद वह उसे ऑटो में अस्पताल ले गए। बिट्टू बजरंगी ने बताया कि उनकी डबुआ मंडी में सब्जी की दुकान है।

छोटा भाई महेश रात 1 बजे मंडी में था। तभी वहां कुछ युवक आए और उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में वह 60% झुलसा हुआ है। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल वह बयान देने की हालत में नहीं है। बिट्टू बजरंगी ने कहा कि इसकी शिकायत पुलिस को दे दी गई है। उनमें से एक बदमाश को वह जानते हैं। यदि पुलिस ने सही तरीके से बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की तो ठीक है, नहीं तो हम अपने तरीके से एक्शन में काम करेंगे और किसी भी दोषी को नहीं बख्शेंगे। बिट्टू बजरंगी ने बताया कि उसे अंदाजा था की उसके भाई पर भी हमला कर बिट्टू बजरंगी को कमजोर किया जा सकता है और वही हुआ। बिट्टू बजरंगी ने कहा की उस पर भी हमला ही सकता है। इस बारे में उन्होंने पुलिस को पहले ही बता दिया है। बता दें कि बिट्टू बजरंगी को नूंह हिंसा के मामले में गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह जमानत पर है। बताया जा रहा है कि नूह हिंसा के दौरान बिट्टू बजरंगी एक वीडियो वायरल करने के बाद काफी चर्चा में आया था। बिट्टू बजरंगी को भी लगातार अलग-अलग नंबरों से जान से मारने की धमकी मिल रही हैं। बिट्टू बजरंगी ने चेतावनी दी कि पुलिस ने यदि जल्द बदमाश गिरफ्तार नहीं किए तो अपने तरीके से एक्शन लूंगा।

# नायक जाति को अनुसूचित जाति की सूचि में जुड़वाकर की दम लेगे...हरभगवान सिह नायक

राजेश सलूजा

हरियाणा/हिसार। अखिल भारतीय नायक सभा हरियाणा 168/13 के प्रदेशाध्यक्ष हरभगवान सिंह के नेतृत्व मे उनके साथ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी उपाध्यक्ष श्योराम दादरी,अमर सिंह ललाहणा,वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राम कुमार नायक कलायत, संगठन सचिव मास्टर जिले सिंह भीखेवाला, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार कुरुक्षेत्र,पूर्व यूवा प्रदेश प्रभारी इंद्रजीत शेखावत बरवाला हिसार से सांसद माननीय बृजेंद्र सिंह के व बीजेपी सांसद एवं प्रदेशाध्यक्ष माननीय नायब सिंह सैनी के बुलावे



पर उनके दिल्ली निवास पर पहुंचे ! हिसार सांसद माननीय बृजेंद्र सिंह ने कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया ओर सांसद की कार्यवाही देखने के लिऐ समय निकाल कर आने को कहा बाद इसके हरभगवान सिंह ने माननीय प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का गुलदस्ता भेंट कर अपनी टीम के साथ स्वागत किया माननीय अध्यक्ष जी ने भी पूरी टीम को अपने हाथों से मीठा खिलाकर सम्मान किया ओर बाद उसके हरभगवान सिंह ने नायक शब्द को अन्य उप जातियों के साथ जोड़ने की प्रक्रिया को ज्यादा तेजी से आगे बढ़ाने के बारे मे विस्तार से चर्चा की माननीय प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने पूर्ण रूप से आश्वाशन दिया की मै ओर माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल आपके इस कार्य को तेजी से करने के लिए गंभीर हैं ओर मै जल्द ही आपकी टीम को माननीय मुख्यमंत्री जी से जल्द रूबरू कराने का काम करूंगा! अखिल भारतीय नायक सभा हरियाणा प्रदेश की टीम ने उनका व माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया ओर जल्द से जल्द इस कार्य को पुर्ण रूप देने के लिए जोर दिया! अखिल भारतीय नायक सभा हरियाणा प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी जब तक संघर्ष करते रहेंगे जब तक नायक शब्द हमारी अन्य उप जातियों के साथ अनुसूचित जाति सूची मे ना जुड़ जाये !

# लुधियाना में जिम करने गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिवार ने खोया अपना इकलौता बेटा



लुधियाना/यूटर्न/14 दिसंबर। लुधियाना के ऋषि नगर में जिम गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बेटे के शरीर पर कई जगह पिटाई के निशान हैं और मुंह से झाग निकल रहा है. मृतक युवक की फरवरी माह में शादी होनी थी। मृतक युवक की पहचान सुखचैन सिंह उर्फ शेरी के रूप में हुई है। सुखचैन अमेजन में काम करते थे। मृतक युवक की मां हरबंस कौर ने बताया कि उनका लड़का दो दिन पहले ऋषि नगर के एक जिम में कसरत करने लगा था। घटना वाले दिन जिम जाने के बाद बेटे ने अपनी मां को फोटो भी भेजी और जिम की फीस भरने को कहा. कुछ देर बाद एक युवक उनके घर आया और किराएदार को बताया कि शेरी सीढ़ियों से गिर गई है। उन्हें डीएमसी अस्पताल ले जाया गया। माता हरबंस कौर के मुताबिक वह शहर से बाहर एक शादी समारोह में गई थीं। जब वह लौटकर डीएमसी अस्पताल गई तो पता चला कि उसके बेटे की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे को जिम जाने की आदत थी. वह पिछले 10 साल से व्यायाम कर रहे थे. उन्हें इस जिम में गए हुए सिर्फ 3 दिन ही हुए थे। इलाके के लोगों ने उन्हें यह भी बताया कि इस जिम में जिम संचालक युवाओं को अधिक वजन उठाने के लिए पानी में कुछ मिलाकर देता है। परिवार का आरोप है कि पहले तो जिम संचालकों ने कहा कि वे सीसीटीवी कैमरे चेक कर सकते हैं, लेकिन जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक करने शुरू किए तो उनका जवाब था कि कैमरे काम नहीं कर रहे हैं. उन्हें शक है कि साजिश के तहत उनके बेटे की हत्या की गयी है. उन्होंने कहा कि वह पिछले 29 साल से अपने बेटे के साथ अकेले रह रही हैं। उसका पति उससे अलग रहता है। हरबंस कौर ने बताया कि उसके पति ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी. कई बार उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की. इस मामले में जांच अधिकारी एएसआई अश्वनी कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

# लिनफॉक्स कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मांगों को लेकर संघर्ष तेज करने की चेतावनी, कंपनी बंद होने के कारण परेशान क्रमचारी को पड़ा दिल का दौरा

करन वर्मा

खन्ना/यूटर्न/14 दिसंबर। पिछले 20 दिनों से संघर्ष कर रहे सभी कर्मचारियों को न्याय न मिलने के कारण आज श्रम विभाग खन्ना के कार्यालय के सामने एकत्र हुए। परेशान कर्मचारी में से एक गौरा सिंह गोदाम कीपर को दिल का दौरा पड़ गया, जिन्हें तुरंत साथी कर्मचारियों ने अपनी गाड़ी में ले जाकर नजदीकी जैन अस्पताल में भर्ती कराया, जिससे साथी गोरा सिंह की जान बच गई, जिनका अभी भी स्थानीय अस्पताल के आईसीयू विभाग में गहन उपचार चल रहा है।श्री मलकीत सिंह एवं उनके संगठन मजदूर यूनियन इलाका खन्ना और मोल्डर एड स्टील वर्कर्स यूनियन (रजि.) लुधियाना के नेता क्रमशः हरजिंदर सिंह ने कहा कि उन्होंने ऐसी दुखद घटना के लिए कंपनी प्रबंधन और सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। जो योजनाबद्ध तरीके से सुपर मुनाफा कमाने के लिए नियमित कर्मचारियों को बाहर कर खून निचोड़ने वाली ठेका प्रथा लागू करती है और कंपनी बंद कर सभी कर्मचारियों की आजीविका छीन लेती है। प्रबंधकों, श्रम विभाग, प्रशासन, पंजाब सरकार को बार-बार शिकायत मांग पत्र देने के बावजूद न्याय नहीं मिलने से श्रमिक आर्थिक, सामाजिक व मानसिक पीड़ा झेलने को मजबूर हैं। कंपनी की लेबर कमेटी के नेता सुरिंदर सिंह, करमजीत सिंह, बलविंदर सिंह, जसविंदर सिंह ने कहा कि पीड़ित गोरा सिंह (54 वर्ष) जो कि उपचाराधीन है, अपनी युवावस्था से ही गांव कौरी में इस कंपनी में काम कर रहा है और फिर 2006 से गांव मोहनपुर डिपो में लगातार काम कर रहा है। उसके 4 बच्चे (तीन लड़कियां और एक लड़का) हैं, जिन पर अभी भी शादी आदि का बोझ है। श्रमिकों के रोजगार एवं कानूनी अधिकारों की गारंटी की जाए। अगर संघर्षरत कर्मचारियों को न्याय नहीं मिला तो कर्मचारी अपने परिवार सहित कड़ा संघर्ष करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधन व सरकार की होगी।

# घर के सर्वेंट ने की लाखो की चोरी, 97 लाख रुपये और सामान पर कर दिया हाथ साफ, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरियाणा/यूटर्न/14 दिसंबर। हरियाणा में कुछ दिन पहले करनाल में चोरी का एक मामला सामने आया था, जिसमें एक चोर घर से सामान लेकर भागता हुआ सीसीटीवी में भी कैद हुआ था। अब इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल सेक्टर-7 में एक ज्वैलर्स परिवार ने अपने घर एक सर्वेंट रखा था। इस सर्वेंट ने अपना नाम विनोद बताया था, जो कि गलत था। ये सर्वेंट परिवार ने ऑनलाइन माध्यम से बुलाया था। सर्वेंट का परिवार ने कोई पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाया, पर सर्वेंट इतना शातिर था कि कुछ दिन नौकरी करने के बाद मौका पाकर घर से एक डायमंड का ब्रेसलेट, डायमंड की अंगूठी और घड़ी लेकर फरार हो गया। जिसका एक सीसीटीवी भी सामने आया था। कई दिन हो गए थे पुलिस अलग-अलग जगह इस आरोपी को ढूंढने का प्रयास कर रही थी। अब ये आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है। पुलिस ने जब इस आरोपी को गिरफ्तार किया तो पता चला कि इसने जो अपना नाम विनोद बताया था वो गलत था, इसका नाम चलचित्र है। चलचित्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक फर्जी कंपनी बनाई हुई थी। जिसके जरिए ये अलग-अलग जगह जाकर सर्वेंट लग जाते थे और वहां पर जाकर इस तरीके से चोरी करते थे। इनके खिलाफ दिल्ली में पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं। जब इस आरोपी से पूछताछ हुई तो इसके दो और साथियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि जो 97 लाख का सामान चलचित्र ने चोरी किया था वो तीनों ने मिलकर आपस में बांट लिया था। अब तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और इनके पास से वो 97 लाख का डायमंड का सामान भी बरामद कर लिया है। दो आरोपियों को दिल्ली से और एक को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया है। अब तीनों से गहनता से पूछताछ होगी और पता लगाया जाएगा कि क्या इन्होंने हरियाणा में कहीं और भी इस तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है या नहीं। बहराल इस चोरी से आम पब्लिक को सीख लेने की जरूरत है कि आप जब भी कोई सर्वेंट रखते हैं तो सबसे पहले उसकी पुलिस वेरिफिकेशन करवाया जाए और उसका आधार कार्ड देखा जाए, ताकि ऐसी चोरी की वारदातें ना हो सकें।

## रूह से रूबरू

### विज्ञान बड़ा या भगवान ?



चारू नागपाल

कुछ लोगों को यह भ्रम हो जाता है कि
विज्ञान भगवान से बड़ा है।
अगर यह सच है तो

1) विज्ञान द्वारा बनाए गए बड़े बड़े पुल, सड़कें, इमारतें, कारें कुदरत की एक बाढ़ के आगे बह क्यों जाते हैं ? टिक क्यों नहीं पाते ?

2) विज्ञान ने यह तो पता लगा लिया कि इन्सान कौन सी गैस अन्दर लेता है और कौन सी बाहर छोड़ता है जिसके कारण वह जिन्दा है पर यह तो बता नहीं पाया कि यह गैस का चक्र जीव में शुरू किसने किया और यह चक्र शुरू किसने किया और यह चक्र खत्म होने से पहले और बाद जीव कहाँ था ?

3) चाँद तारे तो खोज लिए और वहाँ पहुँच कर अपनी पीठ भी थपथपा ली, उनके पैदा होने की आयु भी पता करा ली फिर यह भी जान लिया कि ऐसे और भी बहुत से तारे हैं जिनके बारे में अभी जानना मुश्किल है। इन सबको बनाने वाला और आकाश में इतनी सुगमता से सम्भालने वाला कौन है ? क्या यह जान पाए ? एक भी ग्रह या तारे ने अपनी जरा सी भी गति इधर-उधर कर दी, तो अपने-आप पता चल जाएगा। किसका ज्ञान ज्यादा ? विज्ञान का या भगवान का ?

## आज का विचार...

**वक़्त उसी को काबिल बनाता है जो वक़्त को काबिल समझता है ..!!**

## हेल्थ

# सर्दियां बढ़ा सकती हैं आर्थराइटिस की दिक्कत आप भी हैं शिकार तो जरूर बरतें सावधानी



आर्थराइटिस, जोड़ों में होने वाली बहुत आम सी दिक्कत है, आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा काफी बढ़ जाता है। डॉक्टर्स कहते हैं, 45 की आयु के बाद महिला और पुरुष दोनों में इस समस्या का जोखिम अधिक देखा जाता रहा है। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण कम उम्र के लोगों में भी इसका जोखिम रहता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही इस समस्या से बचाव के लिए सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसम में भी बदलाव का भी इस स्वास्थ्य समस्या पर असर देखा जाता रहा है। जिन लोगों को गठिया की बीमारी होती है, उनके लिए सर्दियों का समय कठिनाइयों भरा हो सकता है। ठंडा मौसम आर्थराइटिस की समस्या को और भी ट्रिगर कर सकता है, इसमें सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है।

**नियमित व्यायाम बहुत जरूरी...**गठिया के दर्द से बचने और अपने जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम सबसे अच्छी चीज है। नियमित शारीरिक गतिविधि ऊर्जा को बढ़ावा देने और ताकत-लचीलेपन में सुधार करने में मदद करती है। व्यायाम से फील-गुड हार्मोन भी रिलीज होता है जो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। प्रत्येक सप्ताह कम से कम 150 मिनट की मध्यम-तीव्रता वाले व्यायाम का लक्ष्य रखें।

**सर्दियों में ट्रिगर हो सकती है आर्थराइटिस की दिक्कत...**स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया, तापमान में गिरावट के साथ रक्त वाहिकाओं में संकुचन होने लगता है, जिससे जोड़ों में सूजन-कठोरता की दिक्कत हो सकती है। बैरोमीटर दबाव के कारण ठंड के मौसम में गठिया का दर्द अधिक महसूस होता है और जोड़ों पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनके लिए ये मौसम कई और भी प्रकार की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है।

**शरीर को रखें गर्म...**आर्थराइटिस फाउंडेशन के अनुसार, ठंडा तापमान, दर्द-संवेदनशीलता को बढ़ा सकता है, इसमें रक्त परिसंचरण भी धीमा हो जाता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन बढ़ जाती है। इस तरह की समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी है कि आप ठंड से बचाव करें। अपने आप को गर्म रखने के लिए टोपी, दस्ताने और स्कार्फ पहनें और इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड से जोड़ों की सेकाई करें। जोड़ों की कठोरता को कम करने के लिए हल्के गर्म पानी से स्नान करें।

# अजीबोगरीब तरीके से रन आउट हुईं हरमनप्रीत



नवी मुंबई, 14 दिसंबर। भारत की महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट खेल रही है। इस मैच में टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, इस मैच में एक ऐसी घटना घटी जिससे हरमन को 11 महीने पहले की एक घटना याद आ गई होगी। हरमन जिस लापरवाही और अजीबोगरीब तरीके से 11 महीने पहले आउट हुई थीं, उसी लापरवाही से उन्होंने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में भी विकेट गंवाया और एक रन से अर्धशतक से चूक गईं। दरअसल, टेस्ट मैच के दौरान चार्ली डीन की गेंद को पॉइंट में धकेल कर हरमनप्रीत ने एक रन लेने की कोशिश की। हालांकि, फिर कुछ सोच कर वह वापस लौट आईं। उन्हें लगा कि रन संभव नहीं है। इंग्लैंड की फील्डर डैनिएल वायट ने हरमनप्रीत के छोर पर विकेट पर डायरेक्ट हिट किया। इंग्लिश टीम ने अपील की तो फील्ड अंपायर ने थर्ड अंपायर को रेफर किया। शुरू में तो लगा कि भारतीय कप्तान सुरक्षित हैं। वह खुद भी आत्मविश्वास में लग रही थीं। हालांकि, जब रीप्ले दिखा तो कहानी ही बदल गई। वह क्रीज तक तो पहुंच गई थीं, लेकिन बैट लाइन के अंदर रखने की बजाय वह बाहर ही रह गई थीं। उन्हें लगा कि उनका बल्ला क्रीज लाइन के अंदर है। अंपायर ने रन आउट करार दिया। हरमन ने 81 गेंद में छह चौके की मदद से 49 रन की पारी खेली। उनके आउट होते ही उनके और यास्तिका भाटिया के बीच 116 रन की साझेदारी भी टूट गई। इससे पहले इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी हरमनप्रीत कुछ इसी तरह आउट हुई थीं। दरअसल उस मैच में भारत की खराब फील्डिंग ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट पर 172 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत एक समय पर 28 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रहा था, लेकिन हरमनप्रीत कौर (34 रन पर 52 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (24 रन पर 43 रन) ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर भारत को मैच में वापस ला दिया।

# वॉर्नर का जॉनसन को करारा जवाब, आखिरी टेस्ट सीरीज में शतक जड़कर आक्रामक अंदाज में मनाया जश्न



पर्थ, 14 दिसंबर। अपना आखिरी टेस्ट सीरीज खेल रहे डेविड वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ में खेले जा रहे टेस्ट में शतक लगाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में ही वॉर्नर ने शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर की 26वीं सेंचुरी रही। इस सीरीज से पहले वॉर्नर पर उन्हीं के देश के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने सनसनीखेज आरोप लगाए थे। जॉनसन ने कहा था कि एक स्कैंडल में फंस चुके क्रिकेटर और खराब फॉर्म में चल रहे क्रिकेटर को टीम में जगह क्यों दी गई। जॉनसन ने कहा था कि ऐसे क्रिकेटर को फेयरवेल सीरीज देने का कोई औचित्य नहीं बनता। हालांकि, अब वॉर्नर ने शतक लगाकर जॉनसन को जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर खूब मीम भी बन रहे हैं।

दरअसल, इस मैच से पहले तक वॉर्नर टेस्ट में खराब फॉर्म में चल रहे थे। इस प्रारूप में उन्होंने 16 पारी बाद यानी 17वें पारी में शतक लगाया है। पिछला शतक उन्होंने 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में लगाया था। तब उन्होंने मेलबर्न में 200 रन की पारी खेली थी। इसके बाद पिछले 16 पारी में वह सिर्फ दो अर्धशतक लगा सके थे। इसको लेकर जॉनसन ने वॉर्नर पर निशाना साधा था और उन्हें टीम में शामिल किए जाने का विरोध किया था। यहां तक कि जॉनसन ने मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली पर भी फेवर करने का आरोप लगाया था। जॉनसन ने कहा था कि वॉर्नर फेयरवेल सीरीज पाना डिजर्व नहीं करते। उन्हें जॉर्ज बेली के साथ नजदीकियों की वजह से टीम में जगह मिली, न कि फॉर्म की वजह से।

वॉर्नर ने शतक लगाने के बाद हवा में फ्लाइंग किस भी दिया। यानी वह अपने आलोचकों को जवाब दे रहे थे। सोशल मीडिया पर वॉर्नर के फैंस इस वीडियो को खूब शेयर कर रहे हैं। 37 साल के वॉर्नर का यह 110वां टेस्ट मैच है। उन्होंने 125 गेंद पर 14 चौके और एक छक्के की मदद से शतक पूरा किया। उन्होंने उस्मान ख्वाजा के साथ पहले विकेट के लिए 126 रन और फिर स्टीव स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी निभाई। वॉर्नर के शतक के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आई है।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस का नया अंदाज



अवनीत



प्रिया प्रकाश वारियर



अंकिता लोखंडे

# सैकड़ों परिवारों ने श्री तिरुपति बालाजी के प्रथम गर्भ ग्रह दर्शन कर उतारी महाआरती

## सेवक राजीव गर्ग के प्रेरणा स्त्रोत असंख्य भक्तों ने अपने बाल किए अर्पित


लुधियाना, 14 दिसंबर। श्री तिरुपति बालाजी रथयात्रा महोत्सव कमेटी की तरफ से 17 दिसंबर को श्री तिरुपति बालाजी की विशाल रथ यात्रा आयोजित की जा रही है । रथयात्रा का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए भक्तों को भाव सहित निमंत्रण भेंट किए जा रहे है। श्री तिरुपति बालाजी रथयात्रा महोत्सव कमेटी के मुख्य संरक्षक प्रवीण अग्रवाल एम.के,मुख्य सेवक संजीव सचदेवा शेरू,चैयरमैन दर्शन लाल लड्डू,अनिल अग्रवाल बल्ली,हरीश दुआ,डीपी अग्रवाल,अशोक गोयल,संजय जैन बरनाला,बी.डी गोयल,विजय बांसल,मधूसूदन सूद व जनपथ एस्टेट के महेन्द्रि गोयल,बीवीएस बिल्डर्स के विपन सूद काका,सुरिन्द्र नय्यर बिट्टू गुंबर,अंसल एस्टेट के एस.एस खुराना,डा राधिका,विकास गोयल विक्की,विजय बवेजा,मोहन गुप्ता,केश्व गुप्ता,कैलाश लड्डा,अमन जैन,अनुज मदान सहित शहर के गणमान्यो पारिवारिक सदस्यों सहित फिरोजपुर रोड स्थित व्हिसलिंग वुड रिसोर्ट में आयोजित प्रथम गर्भ ग्रह के दर्शन व आरती समारोह में मां लक्ष्मी व भूदेवी सहित श्री तिरुपति बालाजी की आरती करके आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान वही भगवान के प्रथम महाप्रसाद की बहुत ही अलौकिक सेवा गर्ग एक्रेलिक के संजीव गर्ग व राजीव गर्ग परिवार द्वारा की गई। प्रथम गर्भ ग्रह के दर्शन दौरान एक विशेष कुंड बनाया गया जिसमें सेवक राजीव गर्ग के प्रेरणा स्त्रोत असंख्य भक्तों की तरफ से श्री तिरुपति बालाजी को बाल भेंट किए गए, ऐसी मान्यता है की जो भक्त श्री तिरुपति बालाजी जाकर अपने जितने बालों को दान करता है, भगवान उन्हें कई गुना धन लौटाते हैं। साथ ही बालों को दान करने वाले पर मां लक्ष्मी की भी बड़ी कृपा रहती है।












Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by D.B. Corp. LTD. V.P.O Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9888200619